भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1477

(जिसका उत्तर मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2022/29 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाना है)

सकल घरेलू उत्पाद में गिरावट

1477 श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की इस वर्ष की तिमाही जुलाई से सितंबर महीने के दौरान के परिणाम पिछले वर्ष 2021-22 जुलाई-सितंबर की तुलना में कम रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस दौरान जीडीपी हेतु सरकार का अनुमान क्या था और सरकार के अनुमान के अनुसार परिणाम न आने का क्या कारण है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क)-(ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी वर्ष 2021-22 और 2022-23 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान मौजूदा कीमतों और स्थिर (2011-12) दोनों कीमतों पर नीचे दी गई तालिका में, दिए गए हैं :

	स्थिर (2011-12 कीमतों) पर जीडीपी	**मौजूदा कीमतों पर जीडीपी**
दूसरी तिमाही: 2021-22 (करोड़ रुपये)	3,589,178	5,620,166
दूसरी तिमाही: 2022-23 (करोड़ रुपये)	3,816,578	6,531,385
वृद्धि दर (प्रतिशत में)	6.3	16.2

स्रोतः एनएसओ, एमओएसपीआई

भारत सरकार त्रैमासिक सकल घरेलू उत्पाद का कोई अनुमान जारी नहीं करती है। आरबीआई ने सितंबर 2022 की अपनी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में, जुलाई-सितंबर 2022 तिमाही में वास्तविक जीडीपी के 6.3 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान लगाया था।

****